भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य)
Ministry of Environment, Forest and Climate Change
Regional Office (Central Region)
केन्द्रीय भवन, पंचम तल, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ–226024
Kendriya Bhawan, 5th Floor, Sector-H, Aliganj, Lucknow- 226024, Telefax: 2326696, 2324340, 2324047, 2324025
Email: (Env.) m_env@rediffmail.com, (Forest) goimoefrolko@gmail.com

पत्र सं0 8बी/06/34/2016/एफ0सी0/642

सेवा में,
दिनॉक : 29/11/17

नोडल अधिकारी एवं मुख्य वन संरक्षक, (वन संरक्षण),
अरण्य भवन, वन विभाग,
17 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।

विषयः रामपुर–केमरी मार्ग (ओ0डी0आर0 नं0–20) किमी0 3.135 की बांयी पटरी पर ग्राम– पहाड़ी के गाटा संख्या–140 में एस्सार ऑयल लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के संपर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.0555 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 05 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उ0 प्र0 का पत्रांक– /रामपुर/15575/2015, दिनांक– 27.10.2017

महोदय,

उपरोक्त विषय का आशय ग्रहण करने का कष्ट करें। विषयांकित प्रकरण में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक–28.07.2017 द्वारा आवश्यक सूचना चाही गयी थी जिसकी अनुपालना निर्धारित समयावधि न प्राप्त होने की दशा में प्रस्ताव में चाही गयी सूचना पत्र जारी होने के 45 दिन के भीतर प्रकरण में चाही गयी सूचना उपलब्ध कराने का नोटिस जारी किया गया था। जिसकी अनुपालन आख्या मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उ0 प्र0 के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत की गयी है।

प्रस्तुत अनुपालन आख्या पर विचारोपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि अनुपालन आख्या के साथ उपलब्ध करायी गयी टोपोशीट स्कैन प्रति है, टोपोशीट मूल प्रति में उपलब्ध नही करायी गयी है। अतः राज्य सरकार मूल टोपोशीट पूर्ण ब्यौरा देते हुए एवं संबंधित प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर करवाकर इस कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय,

(बृजेन्द्र स्वरूप)
वन संरक्षक {केन्द्रीय}

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. विशेष सचिव (वन),उत्तर प्रदेश शासन, बापू भवन, लखनऊ।
2. वन संरक्षक, मुरादाबाद वृत्त, मुरादाबाद, उ0प्र0।
3. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामपुर, उ0 प्र0।
4. डिवीजनल मैनेजर, एस्सार ऑयल लि0, ए–5, सेक्टर–3, नोएडा, उ0 प्र0।
5. तकनीकी अधिकारी, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ को वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु प्रेषित।
6. आदेश प्रत्रावली

24.11.17
(बृजेन्द्र स्वरूप)
वन संरक्षक {केन्द्रीय}